August 2021

Monthly Magazine
Year 7 Issue 8

Satyug

नारायण रेकी सतसंग परिवार

In Giving We Believe

सत्युग

हमारा उद्देश्य

"हर इंसान तन, मन, धन व संबंधों से स्वस्थ हो
हर घर में सुख, शांति समृद्धि हो व
हर व्यक्ति उन्नति, प्रगति व सफलता प्राप्त करे।"

वुधवार सतसंग

प्रत्येक वुधवार प्रात ११ वजे से ११.३० वजे तक

फेसवुक लाइव पर

सतसंग में भाग लेने के लिए नारायण रेकी सतसंग परिवार के फेसवुक पेज को ज्वाइन करें और सतसंग का आनंद लें।

नारायण गीत

नारायण-नारायण का उद्घोष जहाँ
राम राम मधुर धुन वहाँ
सबको खुशियाँ देता अपरम्पार,
जीवन में लाता सबके जो बहार
खोले, उन्नति, प्रगति, सफलता के द्वार,
बनाता सतयुग सा संसार
वो है, वो है हमारा नारायण रेकी सतसंग परिवार
हमारा एन.आर.एस.पी., प्यारा एन.आर.एस.पी.
प्यार, आदर, विश्वास बढ़ाता
रिश्तों को मजबूत बनाता, मजबूत बनाता
परोपकार का भाव जगाता
सच्चाई, नम्रता सेवा में विश्वास बढ़ाता
सत को करता अंगीकार
बनाता सतयुग सा संसार
वो है, वो है हमारा नारायण रेकी सतसंग परिवार
मुस्कान के राज बताता,
तन, मन, धन से देना सिखलाता
हमको जीना सिखलाता
घर-घर प्रेम के दीप जलाता
मन क्रम से जो हम देते वही लौटकर आता, वही लौटकर आता
बनाता सतयुग सा संसार
वो है, वो है हमारा नारायण रेकी सतसंग परिवार
एन.आर.एस.पी.,एन.आर.एस.पी.

।। 卐 ।।

पावन वाणी

प्रिय नारायण प्रेमियों,

।। नारायण नारायण ।।

जब हमें यह ज्ञात हुआ कि इस बार का अंक- विनम्रता पर है तो सहज ही एक ख्याल आया कि विनम्रता माँ सरस्वती जी का गहना है और जो इस गहने को धारण करता है उसे देखकर समृद्धि स्वयं ही आपके पास आने के लिए आतुर हो जाती हैं।

विनम्रता एक ऐसा गुण है जिसका पालन करना सिर्फ और सिर्फ आपके ऊपर निर्भर करता है। हम मानते हैं कि कई बार परिस्थितियाँ, व्यक्ति, प्रतिकूल होंगी और आपका धैर्य जवाब देने लगेगा ऐसी परिस्थिति में याद रखें कि यह परिस्थिति आपको दृढ़ करने के लिए, आपको मजबूत करने के लिए आई है। आपसे एक बात पूछते हैं, ' यदि आपका उपवास होता है तो कितनी भी मनपसंद कितनी भी स्वादिष्ट चीज आपके सामने आ जाए आप उसे खाते हैं? नहीं न। बस ऐसा ही एक व्रत हमें लेना है परिस्थितियाँ कितनी भी अनुकूल हों, व्यक्ति कितना भी जोर से बोल रहा हो हमने विनम्रता का व्रत लिया है और हमें हर परिस्थिति में अपना व्रत निभाना है।

सांसारिक जगत में रहते हुए यह आपको कठिन लग सकता है पर यह असंभव नहीं है, क्योंकि असंभव में ही तो संभव छिपा है। हमें दृढ़ता से विनम्रता के पथ पर अडिग रहना है, विनम्रता हमेशा अपने साथ लाती है - समृद्धि, प्यार, आदर, सम्मान। विनम्रता से हम अपने संबंधों को मजबूती से बाँध सकते हैं। जब हम ऐसा कर पाएंगे तो सच्चे मायनों में हम मनुष्य होने के अपने फ़र्ज को पूरा कर पाएंगे और एक ऐसे जीवन का निर्माण कर पाएंगे जो हर किसी के प्रति, परवाह, आदर, सम्मान और अपनेपन के भाव से भरा होगा जहाँ हर किसी के भीतर हमें उस परमपिता नारायण के सहज ही दर्शन हो जाएंगे और एक अद्भुत दुनिया का निर्माण होगा। बस एक ही बात, एक ही ख्याल - सदैव जीवन के सर्वोत्तम आभूषण विनम्रता को धारण किए रहें।

शेष कुशल

R. Modi

-: संपादिका :-

संध्या गुप्ता

09820122502

-: प्रधान कार्यालय :-

राजस्थानी मंडल कार्यालय

बेसमेंट रजनीगंधा बिल्डिंग, कृष्ण वाटिका मार्ग ,

गोकुल धाम, गोरेगांव (ई), मुंबई - ४०० ०६३.

-: क्षेत्रीय कार्यालय :-

अहमदाबाद	जैविनी शाह	:	9712945552
आगरा	अंजनामित्तल	:	9368028590
अकोला	रिया / शोभा अग्रवाल	:	9075322783/ 9423102461
अमरावती	तरुलता अग्रवाल	:	9422855590
बैंगलोर	शुभांगी अग्रवाल	:	9341402211
बैंगलोर	कनिष्का पोद्दार	:	7045589451
बड़ोदा	दीपा अग्रवाल	:	9327784837
भंडारा	गीता शारडा	:	9371323367
भीलवाड़ा	रेखा चौधरी	:	8947036241
बस्ती	पूनम गाड़िया	:	9839582411
भोपाल	रेनूगट्टानी	:	9826377979
बीना (मध्यप्रदेश)	रश्मि हुरकट	:	9425425421
बनारस	अनीता भालोटिया	:	9918388543
दिल्ली (पश्चिम)	रेनू विज	:	9899277422
दिल्ली (पूर्व)	मीनू कौशल	:	9717650598
दिल्ली (प्रीतमपुरा	मेघा गुप्ता	:	9968696600
धुले	कल्पना चौरोडिया	:	9421822478
डिब्रूगढ	निर्मलाकेडिया	:	8454875517
धनबाद	विनीता दुधानी	:	9431160611
देवरिया	ज्योति छापरिया	:	7607004420
गुवाहाटी	सरला लाहौटी	:	9435042637
गुडगाँव	शीतल शर्मा	:	9910997047
गोंदिया	पूजा अग्रवाल	:	9326811588
गाजियाबाद	करुणा अग्रवाल	:	9899026607
गोरखपुर	सविता नांगलिया	:	9807099210
हैदराबाद	स्नेहलता केडिया	:	9247819681
हरियाणा	चन्द्रकला अग्रवाल	:	9992724450
हींगन घाट	शीतल टिबरेवाल	:	9423431068
इंदौर	धनश्री शिरालकर	:	9324799502
इचलकरंजी	जयप्रकाश गोयनका	:	9422043578
जयपुर	सुनीता शर्मा	:	9828405616
जयपुर	प्रीती शर्मा	:	7877339275
जालना	रजनी अग्रवाल	:	8888882666
झुंझुनू	पुष्पा टिबरेवाल	:	9694966254
जलगाँव	कला अग्रवाल	:	9325038277
कानपुर	नीलम अग्रवाल	:	9956359597
खामगांव	प्रदीप गरोदिया	:	8149738686
कोल्हापुर	जयप्रकाश गोयनका	:	9422043578
कोलकत्ता	सी .एसंगीता चांडक	:	9330701290
कोलकत्ता	श्वेता केडिया	:	9831543533
मालेगांव	आरती चौधरी/रेखा गरोडिया		9673519641/ 9595659042
मोरबी (गुजरात)	कल्पना जोशी	:	8469927279
नागपुर	सुधा अग्रवाल	:	9373101818
नांदेड	चंदा काबरा	:	9422415436
नासिक	सुनीता अग्रवाल	:	9892344435
नवलगढ़	ममता सिंगरोडिया	:	9460844144
पिछौरा	स्मिता मुकेश भरतिया	:	9420068183
परतवाडा	राखी अग्रवाल	:	9763263911
पूना	आभा चौधरी	:	9373161261
पटना	अरबिंद कुमार	:	9422126725
पुरुलिया	मृदु राठी	:	9434012619
रायपुर	अदिति अग्रवाल	:	7898588999
रांची	आनंद चौधरी	:	9431115477
रामगढ़	पूर्वी अग्रवाल	:	9661515156
राउरकेला	उमा देवी अग्रवाल	:	9776890000
शोलापुर	सुवर्णा बल्दावा	:	9561414443
सूरत	रंजना गाडिया	:	9328199171
सीकर	सुषमा अक्षवाल	:	9320066700
सिलीगुड़ी	आकांक्षा मुंधडा	:	9564025556
विशाखापत्तनम	मंजू गुप्ता	:	9848936660
उदयपुर	गुणवंती गोयल	:	9223563020
विजयवाड़ा	किरण झंवर	:	9703933740
वर्धा	अन्नपूर्णा	:	9975388399
यवतमाल	वंदना सूचक	:	9325218899

। । 卐 । ।

संपादकीय

प्रिय पाठकों,

। । नारायण नारायण । ।

पिछले दिनों एक छोटे से पारिवारिक समारोह में परिवार के एक बच्चे से बहुत दिनों बाद मिलना हुआ । हमने देखा वह बच्चा जो कि एक मल्टीनेशनल कंपनी में एक बहुत ही बड़ी पोस्ट पर कार्यरत है बड़ी ही तत्परता से परिवार के सभी लोगों का सत्कार कर रहा था । सबके पाँव छूकर आदर से बैठाना, चाय नाश्ता स्वयं परोसना सबके ध्यान को अपनी ओर आकर्षित कर रहा था । अपनी सफलता का श्रेय वह बारम्बार अपने बड़ों के आशीर्वाद को दे रहा था ।

विनम्रता उसके अंग- अंग से छलक रही थी । छोटे बड़ों को यथायोग्य सम्मान, थैंक्यू, सॉरी जैसे शब्द उसके संस्कारों को परिलक्षित कर रहे थे । साक्षात विनम्रता की मूरत है वह बच्चा । उसे देख सहसा ही अपनी सतयुग पत्रिका के लिए विषय सूझ गया- विनम्रता । हम सभी विनम्रता के गहने को धारण करेंगे इन शुभकामनाओं सहित ।

आपकी अपनी

संध्या गुप्ता

अंतरर्राष्ट्रीय कार्यालय :

नेपाल	रिचा केडिया	977985-1132261
आस्ट्रेलिया	रंजना मोदी	61470045681
बैंकाक	गायत्री अग्रवाल	66897604198
कनाडा	पूजा आनंद	14168547020
दुबई	विमला पोद्दार	971528371106
शारजहा	शिल्पा मांजरे	971501752655
जकार्ता	अपेक्षा जोगनी	9324889800
लन्दन	सी.ए. अक्षता अग्रवाल	447828015548
सिंगापुर	पूजा गुप्ता	6591454445
डबलिनओहियो अमेरिका	स्नेह नारायण अग्रवाल	1-614-787-3341

आपके विचार सकारात्मक सोच पर आधारित आपके लेख, काव्य संग्रह आमंत्रित है - सतयुग को साकार करने के लिये/आपके विचार हमारे लिये मूल्यवान हैं । आप हमारी कोशिश को आगे बढ़ाने में हमारी मदद कर सकते है । अपने विचार उदगार, काव्य लेखन हमें पत्र द्वारा, ई-मेल द्वारा भेज सकते हैं ।

हमारा ई-मेल है 2014satyug@gmail.com

we are on net

narayanreikisatsangparivar @narayanreiki

प्रकाशक : नारायण रेकी सतसंग परिवार

मुद्रक : श्रीरंग प्रिन्टर्स प्रा. लि. मुंबई.

Call : 022-67847777

विनम्रता एक ऐसा गुण है जो लाखों की भीड़ में आपको एक विशिष्ट स्थान दिलाता है । विनम्रता का तात्पर्य है हर समय नम्र भाव में रहना, कोमलता के भावों से भरे रहना, प्रसन्नता, खुशी, आनंद, उत्साह से भरे रहना । दूसरों के प्रति प्यार और स्नेह का भाव, सहयोग व सहायता का भाव भ्रातत्व का भाव विनम्रता के गुणों को विकसित करता है । विनम्रता हृदय को विशाल, ईमानदार बनाकर संबंधों को सहज और सरल बनाती है । विनम्रता आपके भीतर विश्वास जगाती है, आपके भीतर अनवरत ऊर्जा का संचार कर आपके जीवन को उपयोगी बनाती है । विनम्रता एकमात्र ऐसा गुण है जो संतुष्टि, स्नेह और सकारात्मकता से आपके जीवन को भरती चली जाती है । धैर्य की जननी है विनम्रता । विनम्रता से धैर्य विकसित होता है और धैर्य से आप के भीतर सोचने-समझने की अद्‌भुत सकारात्मक शक्ति विकसित होती है जो आपके व्यक्तित्व को एक प्रचंड आभा से भर देती है । विनम्रता सत्य को अपने साथ लेकर आती है और सत्य आपके भीतर मनोबल को विकसित करता है । जब विनम्रता इतने अधिक गुणों से भरपूर है तो उसे जीवन में उतारना जीवन को सार्थक बनाना है । विनम्रता जन्मजात नहीं है, आनुवांशिक नहीं है, इसे समाज में रहते हुए समाज से, व्यक्तियों से, परिस्थितियों से आसानी से सीखा जा सकता है।

अहम का त्याग विनम्रता की पहली सीढ़ी है । हर कार्य के लिए स्वयं को माध्यम मानें । जीवन में जो भी हासिल है - पद, प्रतिष्ठा, धन, दौलत, मान, सम्मान, वैभव को ईश कृपा मानें । श्रीमद्‌भागवत गीता में लिखा है, **'तू जो भी कर्म करता है वो मुझे (ईश्वर) को अर्पण करता चल व स्वयं को निमित्त मात्र मान कर कार्य का निर्वहन कर।'** जब आप ऐसा करते हैं तो दया, ममता, करुणा जीवन के अनिवार्य अंग बन जाते है और मन झुकता जाता है उस परम शक्ति के सामने । विनम्रता एक ऐसा गुण है जो कठिनतम परिस्थितियों में भी सफलता की और अग्रसर करती है । जब तूफ़ान आता है तो सबसे पहले बड़े-बड़े अकड़े खड़े वृक्ष ही उखाड़ते हैं पर कोमल-सी, लचीली-सी घास जो तेज हवाओं और पानी के आगे अपना सिर झुका देती है वह तूफान गुजर जाने के बाद भी उसी जोश, और फुर्ती से खड़ी रहती है । विनम्रता हमें झुकना सिखाती है । विनम्रता हमारे बाहरी स्वरूप को तो आकर्षक बनाती ही है हमारे आतंरिक कोशिकाओं को भी लचीला बनाती है । विनम्रता हमें जीवन में उत्कर्ष की ओर ले जाती है । जब हम विनम्रता के भाव से भरे होते हैं तो हम प्रशंसा को सहजता से अपनाते हैं। हर किसी से, हर परिस्थिति से, हर व्यक्ति से सीखने का भाव विकसित करती है विनम्रता की आदत ।

राज दीदी और नारायण शास्त्र के जीवन में अनुसार, विनम्रता का पालन करने के लिए हमें अपने जीवन में कुछ परिवर्तन लाना आवश्यक है:-

- प्रातः आँख खोलते ही उस परम शक्ति का आभार व्यक्त करें जीवन का एक और नया दिन दिखाने के लिए। जब आप ऐसा करते हैं तो आपके भीतर का **मैं** हवा होता जाता है आप समझने लगते हैं कि आपके हाथ में
- तो अपनी श्वास भी नहीं है फिर कैसा घमंड, कैसी अकड़?
- बड़ों का आशीर्वाद लें। यह नियम आपको झुकना सिखाएगा। रिश्तों का मोल सिखाएगा।
- जीवन में जो कुछ भी हासिल है उसके लिए आभार व्यक्त करें।
- सोचें कि आज ऐसा क्या करूँ जिससे मुझसे जुड़े हर व्यक्ति का जीवन सरल और सहज हो जाए।
- दूसरों के लिए प्रार्थना करें। उनकी उन्नति और सप्त सितारा जीवन की चाहना रखें।
- सतसंग करें।
- समाज सेवा का कार्य करें।
- उदार हृदय से तन, मन धन से अपना सर्वोत्तम देना सीखें।
- सबके प्रति सम्मान का भाव रखें। करुणा का भाव रखें। क्रोध, शिकायत निंदा से दूर रहें।
- हर किसी से सीखने का प्रयत्न करें। अपनी सफलता का श्रेय दूसरों को दें।
- वाणी की साधना करते हुए संयमित ही बोले यदि आवश्यक है तो ही बोले।

छोटी- छोटी बातों को अपनाएँ और जीवन को विनम्रता से भर लें क्योंकिः- **नमताई सबसे बड़ी नम चलिए सब कोय। तकरी में धर तोलिये, बढे सो नमती होय।** अर्थात विनम्रता सभी गुणों में सर्वोत्तम गुण है। जिस प्रकार तकरी या तराजू में किसी वस्तु को जब तुला जाता है तो वजनदार वस्तु वाला पलड़ा झुक जाता है। इसी तरह विनम्रता से भरा व्यक्ति सदैव झुका हुआ होता और जीवन में ऊंचा ही उठता जाता है। यदि आप सप्त सितारा जीवन जीना चाहते हैं तो विनम्रता के गहने को धारण करें।

अगर दीदी आपको सम्पर्क करने कहे तो इस नंबर पर सम्पर्क करे।

9167198886 / 9821327562

अगर दीदी संपर्क करने के लिए कहें तो कृपया इस नंबर पर केवल व्हाट्सएप करें।

ज्ञान मँजूषा

वर्चुयल महायज्ञ की अविरल धारा निरंतर बह रही है । दीदी का प्रतिदिन प्रातः ४.३० और मध्यान ११ बजे आना सतसंगियों से मिलना और उन्हें जीवन सुधार के छोटे-छोटे टिप्स देकर जीवन को सप्त सितारा बनाने का प्रयास करना अतुलनीय है । **जीवन सुधार के कुछ ऐसे ही टिप्स :-**

१) दीदी ने कहा, 'यदि किसी के बारे में कोई ऐसी बात आप कहते हैं, जो उसकी उपस्थिति में आप नहीं कह सकते या कहने से डरते हैं वह निंदा की श्रेणी में आता है ।' यदि आप किसी विषय पर अपना मत रख रहे हैं जैसे की सरकारी नियमों या संस्था के नियमों के बारे में तो निंदा की श्रेणी में नहीं आता ।

२) जब आप किसी के सेवा कर रहे हैं और उसके चेहरे पर मुस्कान और होठों पर आशीर्वाद है तो नारायण आपको शक्ति और सामर्थ्य प्रदान करता जाता है और आपके सेवा के कार्य को आसन करता जाता है ।

३) ब्रह्म मुहूर्त की प्रार्थनाएं आपके इहलोक के साथ-साथ परलोक को भी संवारती हैं ।

४) दीदी कहती हैं हमारे भाग्य की रेखाएं प्रतिपल प्रतिक्षण बदलती हैं । जब आप बारम्बार यह कहते हैं यह हमारा गोल्डन पीरियड चल रहा है तो सचमुच आपका जीवन गोल्डन पीरियड में बदल जाता है ।

५) किसी के यह प्रश्न पूछने पर कि, 'दीदी क्या हमारे द्वारा पितरों तक की गई पूजा और भोजन उन तक पहुँचता हैं ?' दीदी ने कहा मृत्यु के बाद हम पूर्वजों को याद करें उन तक भोजन पानी दें वह उन तक पहुँचता है कि नहीं यह तो नहीं पता लेकिन उनके जीवित रहते उनकी केयर करना उनकी परवाह करके आप उनके जीवन को खुशहाल अवश्य बना सकते हैं ।

६) विनम्रता और समृद्धि एक ही सिक्के के दो पहलू हैं आप जीवन में, व्यवहार में, जितने विनम्र होंगे उतनी ही समृद्धि को अपने जीवन में आकर्षित करेंगे ।

७) नकारात्मकता हमारे ऊपर हावी न हो इसके लिए हमें यह समझना चाहिए कि प्रत्येक व्यक्ति के अपने विचार हैं। हमारी सोच उसे सकारात्मक और नकारात्मक बनाती है । जब किसी के विचार या व्यवहार आपके प्रतिकूल होते हैं तो हमारा मन अशांत हो जाता है ।

अ) ऐसे में हमें सबसे पहले उस स्थान से हट जाना है क्योंकि आपकी, सामने वाले की और उस जगह की नकारात्मकता को जाग्रत कर देती है ।

ब) आप अंगूठे के ऊपरी पोर को प्रथमा उँगली के पोर से लगाएं यह आपके क्रोध और असंतुष्टि को शांत कर देती है ।

क) जिससे आप हर्ट हो रहे हैं उसे bless करना शुरू करें, 'हे नारायण इनका जीवन सुख, शांति समृद्धि से भर दीजिए।' इसका दोहरा लाभ होगा एक तो आप उनको आशीर्वाद देते हैं दूसरे आप जो देते हैं वह आपके खाते में जमा होते जाते हैं । आपके द्वारा भेजा आशीर्वाद सामने वाले के व्यवहार को बदल देता है।

८) हर घटना के पीछे एक कारण होता है जिसे हम घटना घटने के बाद ढूंढते हैं विशेषकर यदि वह घटना नकारात्मक है । अच्छे कर्म करेंगे अच्छी घटनाएं घटेंगी और इसके विपरीत घटना घटेगी तो इसकी विपरीत घटना घटेगी । जब आप सप्तसितारा जीवन जी रहे हों तो बैठकर सोचें कि हम ऐसा क्या कर रहे हैं सप्तसितारा जी पा रहे हैं और, उन कार्यों को करना फिर उन नियमों का पालन करना जारी रखें और उन अच्छे कर्मों की मात्रा बढ़ा दें ।

९) यदि किसी व्यक्ति की बात आपको बुरी लगी तो सबसे पहले हमें यह समझना है कि यह उसकी अपनी विचारधारा है । जो उसने कहा उस पर विचार करेंगें तो आप समझ जाएंगे कि उसमें सच्चाई छिपी होती है यदि आप आत्मचिंतन करेंगे तो आप यह समझ जाएंगे कि उसने कडवी सच्चाई गई है तो उसे सुधारना है। यदि वह व्यक्ति गलत है तो उसे इग्नोर करिए सोचिए के उनके कहने से हमारे कर्म हलके होते हैं ।

१०) भविष्य में वह व्यक्ति ऐसा व्यवहार न करे इसके लिए आँखें बंद करके बैठ जाएँ और जिस व्यक्ति ने आपके साथ गलत व्यवहार किया उस व्यक्ति को अपनी आँखों के आगे लाकर जैसा व्यवहार आप उनसे उम्मीद रखते हैं वैसा व्यवहार वह आपसे कर रहे हैं ऐसा विजुलाइज करें और यदि आप किसी से भी इस बात की चर्चा करें तो उनके गलत व्यवहार की नहीं जो व्यवहार आपने किया उस व्यवहार की चर्चा करें । शीघ्र ही यह उनका व्यवहार ऐसा होता जाएगा ।

११) यदि आपकी कोई गलती नहीं है और फिर भी आपको बहुत कुछ भुगतना पड़ रहा है इसका कारण है - कोई भी कर्म जो आप भोग रहे हैं वह आपके कर्मों का ही परिणाम है । हमारे कर्मों का ड्रम ऊपर उस नारायण के सामने रखा रहता है । जब हम बुरे कर्म करते हैं तो हमारे ड्रम में रेत डाला जाता है और जब हम अच्छे कर्म करते हैं तो उसमें गेंहू डाला जाता है । ऐसे लेयर आपके ड्रम में जमा होते जाते हैं और उसी अनुसार आपको फल मिलता हैं । यदि बुरे कर्म करने के बाद भी अच्छे फल मिल रहे हैं तो समझ लें कि आपके अनाज का खाता चल रहा है ।

१२) यदि हमारी मृत्यु के समय हमारे अच्छे/ बुरे कर्मों खाता पूरा सैटल नहीं हो पाता तो वह कर्म हमारे साथ जाते हैं और उसके अनुसार हम फल भुगतते हैं ।

१३) विचार हमारे नियंत्रण में नहीं हैं पर वाणी पर हमारा नियंत्रण है । यदि हमारी वाणी निरंतर संयम में है तो प्रकृति हमारे विचारों को संभाल लेती है और हमारे कर्म नहीं बंधते लेकिन यदि हमारे भीतर वाणी का संयम नहीं है तो हमारे कर्म अवश्य ही बंधते हैं । विद्या विनयेन शोभते ।

गिजेल फर्नान्डीज को जन्मदिन (३० अगस्त) पर सुख, शांति,समृद्धि, उन्नति, प्रगति, सेहत, सफलता से भरे सप्तसितारा जीवन का नारायण आशीर्वाद

यशोधाम विद्यालय, जहां हमारे बच्चों ने विद्या ग्रहण की का लोगो था - **विद्या विनयेन शोभते** और वहाँ के प्रधानाध्यापक से लेकर अध्यापक व सभी स्तर पर कार्य कर रहे लोग इसको प्रतिबिम्बित करते थे।

यह वाक्य शत प्रतिशत सत्य है और इस सत्य को बारम्बार प्रस्थापित किया है हमारी गुरु राज दीदी के मार्गदर्शन ने व उनके द्वारा कराए जा रहे प्रयोगों ने ।

किसी का दिल जीतने की विद्या विनम्रता अपनाने से ही आती है । विनम्रता दिल जीतने के साथ साथ प्रचुरता, यश, समृद्धि जैसे अनेक जैक्पॉट भी साथ लाती है । बाहरी दुनिया तो सँवरती ही है साथ ही आंतरिक आनंद का भाव अप्रतिम रूप से बढ़ जाता है । विनम्र व्यक्ति संसार का सबसे शक्तिशाली व्यक्ति होता है । उसकी इंद्रियाँ व्यक्ति व वातावरण के प्रभावों से अप्रभावित रहते हुए मन को असीम शांति का आनंद अनुभव करने में सहायक होती हैं । जिस व्यक्ति का मन संयमित है, जिसने स्वयं पर विजय पा ली है वही जीवन को अर्थपूर्ण बना पाता है ।

प्रिय युवाओं आओ देखें कि विनम्र व्यक्ति के लक्षण क्या हैं -

- जो माता, पिता, गुरु के प्रति विनम्र होने के साथ-साथ हर चर अचर में उसी परम शक्ति का दर्शन करे ।
- जो कर्ता भाव का परित्याग कर स्वयं को एक माध्यम माने जैसे गाड़ी को मोटर चलाती है वैसे ही संसार में चल रही हर क्रिया का संचालन किसी आलौकिक शक्ति के हाथ में हैं। हमें सिर्फ और सिर्फ अपना सर्वोत्तम देना है।
- जिसका व्यवहार पद, प्रतिष्ठा, लाभ , हानि पर केंद्रित न होकर हर व्यक्ति में बसे नारायण को देखता है और सबके प्रति समान आदर का भाव रखता है ।
- जो परिवार को राजनीति से परे रख पारदर्शिता रखता है और अपने सिद्धांतों पर अडिग रहता है । अपनी कथनी व करनी में निर्मल है ।
- अपने स्वजनों की बातों को गुप्त रखते हुए उनके विश्वास व स्वाभिमान को बनाए रखे । अगर किसी की कही बात बुरी भी लगे तो भी उस पर बहस न कर शांति से समझाए अथवा उसके शान्त होने का इंतज़ार करे ।
- जो व्यक्ति किसी की पीठ पीछे कहानियाँ नहीं बनाता और न ही किसी के द्वारा किए गए कार्य का क्रेडिट लेता है अपितु सत्य को धारण कर अपने द्वारा दिए गए सहयोग को भी गुप्त रखता है ।
- जो शांति से दूसरों द्वारा किए जा रहे प्रतिकूल व्यवहार में भी शांति धारण करे रहता है।
- ऐसा व्यक्ति विपरीत परिस्थितियों में भी छिपे संदेश को ग्रहण करता है और यह भाव बनाए रखता है कि यह परिस्थिति मेरी भलाई के लिए आइ है ।
- विनम्र व्यक्ति सदेव सही व उचित शब्दों का ही प्रयोग करता है जो सामने वाले व्यक्ति को हर्षित करते हैं। साथ ही हर पल नारायण का धन्यवाद करता है ।
- सार यही है कि यदि हम जीवन को सहज, सरल, सुंदर, सार्थक, सफल संपन्न व सार्थक बनाना चाहते हैं तो सिर्फ और सिर्फ विनम्रता के आभूषण को धारण करें और इस गुण को आत्मसात करें । विनम्रता आपके जीवन के हर क्षेत्र को समृद्ध करती है और रखती भी है । विनम्रता अपनाए, प्रचुरता पाएँ ।

बच्चों की फुलवारी

ए. एल कैनेडी कहते हैं, 'विनम्र बनें। याद रखें आप अपनी क्षमताओं की सीमाओं को नहीं पहचानते। आप सफल हैं या नहीं लेकिन यदि आप लगातार अपनी क्षमताओं को विकसित करते हैं, आप अपने जीवन को समृद्ध बनाते हैं और अजनबियों की भी प्रसन्नता का कारण बनते हैं।

विनम्रता बुद्धिमानों की ताकत है। राज दीदी और समस्त NRSP इस क्षेत्र में प्रयासरत हैं कि हर व्यक्ति विनम्रता का गहना धारण करें और यह ही इस बार सतयुग का हमारा अंक भी है। इस अंक में हम विनम्रता के लाभ और इसे धारण करके समृद्धि किस तरह प्राप्त कर सकते हैं इन विषयों पर विचार कर रहे हैं। हम सभी जानते हैं की अंग्रेज बहुत अधिक शक्तिशाली थे, गाँधी जी ने स्वयं विनम्रता को धारण किया। वह कभी अंग्रेजों के खिलाफ खड़े नहीं हुए, वह खड़े हुए - अपने आदर्शों के लिए अपने सिद्दांतों के लिए और अंततः अंग्रेजों को उनके आगे झुकना ही पड़ा और फिर देश स्वतंत्र हुआ।

विनम्र होने का तात्पर्य है दूसरों की भावनाओं के प्रति जागरूक होना। अच्छे व्यवहार की कोई कीमत नहीं है लेकिन यह व्यवहार लोगों को कैसा महसूस कराता है इससे बहुत फर्क पड़ता है। आपकी विनम्रता को लोग स्वीकार करते हैं और उसकी प्रशंसा भी करते हैं। विनम्रता और नम्रता एक दूसरे के पूरक हैं। हम सब इस संसार में एक विशेष उद्देश्य के साथ आए हैं। फिर अभिमान और अहम किसलिए ? राज दीदी कहती हैं, ' 'विनम्रता और समृद्धि का चोली दामन का साथ है'। यदि आप अपने अध्यापकों के साथ मेंटर्स के साथ, अपने मित्रों के साथ विनम्र हैं तो वह आपको इतना अधिक सह्योग करते हैं की कई बार आपकी गलतियों पर भी ध्यान नहीं जाता।

विनम्र कैसे बनें:-

१) मीता और मधुर बोलें।

२) लोगों की उपस्थिति को समझें और उनकी बातें सुनें और समझें।

३) छोटी- छोटी बातों का ध्यान रखकर उन्हें दिखाएँ कि आप उनकी परवाह करते हैं।

४) कृपया, सॉरी को अपने शब्दकोष का अभिन्न अंग बनायें।

५) मददगार बने और सही और उचित शब्दों का प्रयोग करें।

विनम्र बनें और समृद्धि को आकर्षित करें।

पद्म हेड़ा को जन्मदिन (३१ अगस्त) पर सुख, शांति, समृद्धि, उन्नति, प्रगति, सेहत, सफलता से भरे सप्तसितारा जीवन का नारायण आशीर्वाद।

॥ 卐 ॥

दीदी के छाँव तले

दीदी के छाँव तले स्तंभ में हम सतसंगियों द्वारा पूछे और राज दीदी द्वारा दिए गए उत्तर प्रस्तुत कर रहे हैं :-

सतसंगी :- दीदी कभी-कभी जीवन में ऐसे अवसर आ जाते हैं जब यह प्रश्न आ जाता है कि हम सही व्यक्ति का साथ दें या पावरफुल व्यक्ति का ?

दीदी :- आप सदैव सही व्यक्ति का साथ दें क्योंकि आप जब सही व्यक्ति का साथ देते हैं तो आप धीरे- धीरे पावरफुल बन जाएंगे और उन्नति, प्रगति, समृद्धि को प्राप्त कर लेते हैं । इसके विपरीत यदि आप पावरफुल व्यक्ति का साथ देते हैं तो आप उन्नति तो करेंगे पर वह उन्नति कुछ समय के लिए ही होगीं ।

सतसंगी :- दीदी हम विचार, वाणी व्यवहार से सकारात्मक हैं कार्मिक हीलिंग भी कर रहे हैं पर दूसरे व्यक्ति का व्यवहार नकारात्मक ही है । ऐसे में क्या करें ?

दीदी :- जब हमारा तन अस्वस्थ होता है तो हम यह सोचते हैं कि मैंने ऐसा क्या खाया जो हमारा तन अस्वस्थ हुआ। ठीक उसी प्रकार यदि किसी का व्यवहार आपके प्रतिकूल है आप को यह मनन करना है यदि मुझे बिना वजह हर्ट मिल रहा है तो मैंने अवश्य ही किसी को हर्ट पहुँचाया है क्योंकि हमें वह ही मिलता है जो हम देते हैं । अपने आप को सुधारने की दिशा में कार्य करना है ।

सतसंगी :- दीदी घर की जिम्मेवारी और बाहर की जिम्मेदारी किस तरह से सर्वोत्तम तरीके से निभा सकते हैं?

दीदी :- देखिए सभी को २४ घंटे मिले हैं उन्हें तीन भागों में बांटे ८/८/८ । इनमें से ८ घंटे आपके नींद के हो गए। ८ घंटे घर के बाहर की जिम्मेदारियों को पूरा करूँ । बाकि ८ घंटे जो आप घर के कामों के लिए रखें । टी. वी. मोबाइल और सोशल मीडिया पर समय व्यतीत करते समय अन्य काम जैसे सब्जी काटना, ड्रॉवर ठीक करना कर सकते हैं । कामों की लिस्ट बना लें जो काम होते जाएँ उन पर टिक करते जाएँ । काम करने का समय निर्धारित करें और उसी निर्धारित समय में काम को पूरा करें ।

सतसंगी:- दीदी दूसरों को दोष देना इतना आसन क्यों हैं ? क्या यह उचित है?

दीदी:- दूसरों को दोषारोपण करना सही नहीं है, क्योंकि जब आप दूसरों को दोष देते हैं तो आपके कर्म बंधते हैं, ऐसा न करें । कोई भी गलती हुई है तो उनको जब अपने ऊपर लेते हैं तो जब हमसे सच में कोई गलती होती है तो वह परम पिता हमें आसानी से क्षमा कर देते हैं ।

प्रेरणादायक वृतांत

एक इंसान का किरदार

यह दृश्य टोक्यो ओलंपिक में पुरुषों की हाई जम्प फाइनल का है । फाइनल में इटली के जियानमारको ताम्बरी का सामना क़तर के मुताज़ इसा बर्शिम से हुआ। दोनों ने २.३७ मीटर की छलांग लगाई और बराबरी पर रहे ! उसके बाद ओलंपिक अधिकारियों ने उनमें से प्रत्येक को तीन और प्रयास दिए, लेकिन वे २.३७ मीटर से अधिक तक नहीं पहुंच पाए। उन दोनों को एक और प्रयास दिया गया, लेकिन उसी वक्त पैर में गंभीर चोट के कारण अंतिम प्रयास से पीछे हट गए। ये वो क्षण था जब मुताज बरशिम के सामने कोई दूसरा विरोधी नहीं था और उस पल वह आसानी से अकेले सोने के क़रीब पहुंच सकते थे।

लेकिन बर्शिम के दिमाग में कुछ घूम रहा था और फिर कुछ सोचकर उसने एक अधिकारी से पूछा, 'अगर मैं भी अंतिम प्रयास से पीछे हट जाऊं तो क्या हम दोनों के बीच गोल्ड मैडल साझा किया जा सकता है?' कुछ देर बाद एक अधिकारी जाँच कर पुष्टि करता है और कहता हैं 'हाँ बेसक गोल्ड आप दोनों के बीच साझा किया जाएगा।'

बर्शिम के पास और ज्यादा सोचने के लिए कुछ नहीं था । उसने आखिरी प्रयास से हटने की घोषणा की । यह देख इटली का प्रतिद्वन्दी ताम्बरी दौड़ा और मुताज बरसीम को गले लगा कर चिल्लाया । दोनों भावुक होकर रोने लगे ।

लोगों ने जो देखा वह खेलों में प्यार का एक बड़ा हिस्सा था जो दिलों को छूता है । यह अपर्णनीय खेल भावना को प्रकट करता है जो धर्मों, रंगों और सीमाओं को अप्रासंगिक बना देता है ।

इसी दुनिया में लोग सुख दुख साझा करने से डरते है और कुछ महान लोग गोल्ड मेडल तक साझा कर रहे हैं।

जीभ और दांत

काशी में एक संत रहते थे । उनके आश्रम में कई शिष्य अध्ययन करते थे । कुछ शिष्यों की शिक्षा पूरी होने कर एक दिन संत ने उन्हें बुलाकर कहा, 'अब तुम लोगों को समाज के कठोर नियमो का पालन करते हुए भी विनम्रतापूर्वक समाज की सेवा करनी होगी।'

एक शिष्य ने कहा, 'गुरुदेव हर समय विनम्रता से कम नहीं चलता।'

संत समझ गए के अभी उसमें अभिमान का अंश मौजूद है। थोड़ी देर में रहने के बाद उन्होंने कहा, 'ज़रा मेरे मुँह के अंदर ध्यान से देख कर बताओ कि अब कितने दाँत शेष रह गए हैं?'

बारी-बारी सभी से सभी शिष्यों ने संत का मुँह देखा और एक साथ बोले 'आप के सभी दाँत टूट गए हैं।'

संत ने फिर कहा, 'जीभ है कि नहीं?' शिष्यों ने समझा गुरु जी मजाक कर रहे हैं।

बोलें, 'उसे देखने की ज़रूरत ही नहीं है। जीभ अंत तक साथ रहती हैं।'

संत ने कहा 'यह अजीब बात है के जीभ जन्म से मृत्यु तक साथ रहती है और दाँत जो बाद में आते हैं पहले ही साथ छोड़ देते है, जबकि उन्हें बाद में जाना चाहिए । ऐसा क्यों होता है?'

एक शिष्य बोला 'यह तो सृष्टि का नियम है।'

संत ने कहा, 'नहीं वत्स। इसका जवाब इतना सरल नहीं हैं जितना तुम समझ रहे हो । जीभ इसलिए नहीं टूटती क्योंकि उसमें लोच है।

वह विनम्र होकर अंदर पड़ी रहती है । उसमें किसी तरह का अहंकार नहीं है । उसमें विनम्रता से सब कुछ सहने की शक्ति है।

इसलिए वह हमारा हमेशा साथ देती है। जबकि दाँत बहुत कठोर होते हैं । उन्हें अपनी कठोरता का अभिमान रहता है । वे जानते हैं कि उनके कारण ही मनुष्य की शोभा बढ़ती है इसलिए वे निष्ठुर होते हैं । उनका यहीं अहंकार और कठोरता उनके क्षरण का कारण है। इसलिए तुम्हें यदि समाज की सेवा गरिमा के साथ करनी है तो जीभ की तरह नम्र बनकर नियमो का पालन करो।'

जॉर्ज वाशिंग्टन

एक बार अमेरिका के राष्ट्रपति जॉर्ज वाशिंग्टन घोड़े पर बैठ कहीं जा रहे थे । घुड़सवार बने जॉर्ज वाशिंग्टन ने देखा-कुछ सैनिक एक लकड़ी के गट्ठे को उठाने में सफल नहीं हो पा रहे थे। वह बार-बार कोशिश करते पर असफल रहते। सैनिकों का नायक भी वहीं खड़ा था, पर वह उनकी मदद नहीं कर रहा था । वाशिंग्टन को बहुत आश्चर्य हुआ उन्होंने नायक से पूछा, 'आप इन सैनिकों की सहायता क्यों नहीं कर रहे?' नायक ने उतर दिया, 'मैं इनका नायक हूं और मेरा काम इनको आदेश देना है।' वाशिंग्टन ने सुना और वह घोड़े से उतरकर उन सैनिकों के पास गए और उन्होंने उस गट्ठे को उठाने में उनकी मदद की। वे घोड़े पर सवार होकर नायक से बोले, 'अगली बार जब तुम्हें सहायता की जरुरत पड़े तो तुम अपने कमांडर इन चीफ को बुलावा लेना।' उनके जाने के बाद नायक और सैनिकों को पता चला कि वह घुड़सवार और कोई नहीं बल्कि स्वयं ही जॉर्ज वाशिंग्टन थे।

महान व्यक्ति वही हैं जो दूसरों की सुनता है और उनसे विनम्र व्यवहार करता है । ऐसा व्यक्ति सबका अर्जित करता है और लोग उसे सम्मान की द्रष्टि से देखते हैं। उसकी सत्य में निष्ठा होती है। वह नम्र स्वभाव का कभी त्याग नहीं करता। जिस प्रकार दुष्ट अपनी दुष्टता सर्प अपना विष और सिंह रक्तपान नहीं छोड़ता उसी प्रकार उदार चित व्यक्ति अपनी विनम्र उदारता नहीं छोड़ता ।

जैकपोट समाचार

नारायण भवन में प्रातः ४.३० और ११ बजे जो प्रार्थनाएँ हो रही हैं इसके अतिरिक्त नारायण प्रार्थना को तीन बार रिपीट किया जाएगा ।

हर सकारात्मक वाक्य के बाद ११ राम राम की माला आधे घंटे तक होंगी । जिनका समय इस प्रकार रहेगा : कृपया समय नोट करें और भवन में हो रही प्रार्थनाओं का लाभ उठाएं। यह प्रार्थनाएं सिर्फ ज़ूम पर होगीं ।

ज़ूम लिंक :-

https://us02web.zoom.us/j/88581143451

१) हे नारायण आपका धन्यवाद है, आप हर पल हर क्षण हमारे साथ हैं इसीलिये आज का दिन हमारे जीवन का सवीत्तम दिन है, सर्वश्रेष्ठ दिन है प्यार ,आदर सम्मान, प्रशंसा व जैकपॉट से भरा हुआ। (जैकपोट भरा दिन)

समयः-प्रातः ६ .३० से ७ बजे तक
दोपहर २ बजे से २.३० तक
रात्रि ११ बजे से ११.३० तक

२) हमारे भीतर असीम शक्ति है, असीम शांति है, असीम शांति है, असीम शांति है।

समयः- प्रातः ७ बजे से ७.३० (शांति)
दोपहर २.३० मिनट से ३ बजे तक
रात्रि ११.३० से १२ बजे तक

३) हे हमारे पास प्रचुर मात्रा में धन है जिसका हम सदुपयोग करते हैं ।(धन,समृद्धि)

समयः-प्रातः ७.३० से ८ बजे तक
दोपहर ३ बजे से ३.३० तक
रात्रि १२ से १२.३० बजे तक

४) हे नारायण हमारे संपर्क में आने वाला हर व्यक्ति, वस्तु, जगह, परिस्थिति, वातावरण, समय, धन, मौसम, यातायात, जन्म कुंडली, प्रकृति ब्रह्मांड और पूरी कायनात सभी कुछ हमारे अनुकूल है। नारायण आपका धन्यवाद है। (सब कुछ अनुकूल)

समयः- प्रातः ८ बजे से ८.३०
दोपहर ३.३० से ४ बजे तक
रात्रि १२.३० बजे से १ बजे तक

५) हे नारायण हम कृपाशाली हैं, हम भाग्यशाली हैं। हम पर नारायण की असीम कृपा है, असीम कृपा है, असीम कृपा है। नारायण आपका धन्यवाद है । (कृपाशाली, भाग्यशाली)

समयः- प्रातः ८.३० से ९ बजे तक
दोपहर ४ बजे से ४.३० तक
रात्रि १ बजे से १.३० तक

६) हे नारायण आपके आशीर्वाद से हमारा घर सुख, शांति, समृद्धि लव, रिस्पेक्ट, फेथ, केअर की दिव्य ऊर्जा से भरा हुआ है और पूरी तरह सुरक्षित है.

हम जीवन के हर क्षेत्र में सफल हैं । (७ स्टार लाइफ)

समयः- प्रातः ९ बजे से ९.३० तक
शाम ६ बजे से ६.३०
रात्रि १.३० से २ बजे तक

७) हे नारायण आपका धन्यवाद है आजीवन स्वस्थ्य रहने का वरदान देने के लिए इसलिए हम पूर्ण रूप से स्वस्थ्य हैं, स्वस्थ्य हैं, स्वस्थ्य हैं । नारायण आपका असीम धन्यवाद है। (स्वास्थ्य हेल्थ)

समयः- प्रातः ९.३० से १० बजे तक
शाम ६.३० से ७ बजे तक
रात्रि २ बजे से २.३० तक

८) हे नारायण आपके आशीर्वाद से हमारे आपसी सम्बन्ध प्रेम और विश्वास से परिपूर्ण हैं । आपका असीम धन्यवाद है । (relations)

समय :- **दोपहर १ बजे से १.३० बजे तक**
शाम ७ बजे से ७.३०
रात्रि २.३० बजे से ३ बजे तक

९) हे नारायण आपके आशीर्वाद से हम हर व्यक्ति में नारायण का ही रूप देखते हैं ।

हे नारायण आपके आशीर्वाद से हम सप्त सितारा जीवन जी रहे हैं और हमारा यह गोल्डन पीरियड चल रहा है और आजीवन चलता ही रहेगा ऐसा हमारा प्रबल विश्वास है । नारायण आपका धन्यवाद है । (नारायण का रूप)

समय :- दोपहर १.३० बजे से २ बजे तक
शाम ९ बजे से ९.३०
रात्रि ३ बजे से ३.३० तक

Pavaan Vani

Dear Narayan Premiyon,

Narayan Narayan,

When I came to know that this edition of Satyug is based on Vinamrata, a thought crossed my mind that Vinamrata/ Humility is the ornament of Mahalaxmi ji and whoever adorns it, Mahalaxmi ji eagerly comes to that person.

Humility, a quality, who will adopt it entirely depends only and only on the individual. At times the circumstances and people may be adverse and you may start to lose patience but always remember that such situation has come to make you stronger.

Let me ask you a question that during a fast if you are offered your favourite, tasty food, will you eat it? The answer is - No. Similarly, we have to take an oath.

Though the circumstances be adverse, the other person be loud, we will adhere with our oath of abiding with humility.

Living in the society, you may feel it is impossible to abide by it but remember that the word possible is hidden in the world impossible.

We should be determined to follow the path of Humility with perseverance as along with perseverance comes attributes like love, respect, care which are strong threads that bind our relationships together firmly.

